Total No. of Printed Pages—4

4 SEM TDC HIN (CBCS) MIL (A)

2023

(May/June)

HINDI

(Modern Indian Language)

(For Arts)

Paper : MIL–2

(हिन्दी गद्य एवं पद्य)

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

Candidates ***eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***6***

Full Marks : 80
Pass Marks : 32

Candidates ***not eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***7***

Full Marks : 100
Pass Marks : 40

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) कबीरदास किस भाषा के कवि थे?

Total No. of Printed Pages—4

4 SEM TDC HIN (CBCS) MIL (A)

2023

(May/June)

HINDI

(Modern Indian Language)

(For Arts)

Paper : MIL–2

(हिन्दी गद्य एवं पद्य)

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

Candidates ***eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***6***

Full Marks : 80
Pass Marks : 32

Candidates ***not eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***7***

Full Marks : 100
Pass Marks : 40

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) कबीरदास किस भाषा के कवि थे?

(ख) हिन्दी साहित्याकाश में चन्द्रमा का स्थान किस कवि को दिया गया है?

(ग) रसखान के आराध्य देव कौन हैं?

(घ) 'हिमालय के प्रति' कविता के कवि कौन हैं?

(ङ) गिरजा कुमार माथुर की कौन-सी कविता आपके पाठ्यक्रम में है?

(च) 'गपशप' निबंध के निबंधकार कौन हैं?

(छ) मन्नू भण्डारी की 'अकेली' किस विधा की रचना है?

(ज) 'आधे-अधूरे' नाटक के नाटककार कौन हैं?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×4=12

(क) "कबीर एक समाज-सुधारक थे।" स्पष्ट कीजिए।

(ख) तुलसीदास का साहित्यिक परिचय संक्षेप में दीजिए।

(ग) राष्ट्रीयता के गायक रूप में भूषण का परिचय दीजिए।

(घ) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ङ) "हिमालय को भारत की विराटता और वीरता का प्रतीक बताया गया है।" पठित पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(च) 'गपशप' निबंध का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(छ) 'आधे-अधूरे' नाटक के नामकरण की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

3. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×3=24

(क) "साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय।
सार-सार को गहि रहै, थोथा देई उड़ाय॥
माटी कहै कुम्हार से, तू क्या रौदे मोय।
इक दिन ऐसो होयेगो, मैं रोदूँगी तोय॥"

अथवा

"मगर वे चुप हैं
उन सबके मुख पर एक ही भाव है,
उनकी सबकी एक ही मुद्राएँ हैं,
रंगों से भरे-पूरे, चटकीले, भड़कीले
सबके आकर्षणों के केन्द्र
वे सब एक ही जगह पर खड़े हैं।"

(ख) "विद्यार्थियों का स्वभाव पढ़ाई के बँधे घण्टों में लगभग एक-सा होता है, परंतु इसके बाद वे समय को जिस बेकारी और बेहिसाबी से बिताते हैं, वह उन्हें एक दूसरे से अलग कर देती है।"

अथवा

"वर्षा के महीनों में आकाश पर निरंतर गहरापन बना रहता है, बादल आकाश से बरस-बरसकर संतुष्ट न होते। वे उमड़-घुमड़कर घरों के भीतर चले आते।"

(ग) "मेरे पास अब बहुत साल नहीं है जीने को। पर जितने हैं उन्हें मैं इसी तरह और निभाते हुए नहीं काटूँगी। मेरे कहने से जो कुछ हो सकता था इस घर का, हो चुका आजतक। मेरी तरफ से यह अंत है उसका निश्चित अंत।"

अथवा

"किसी माने में नहीं। मैं इस घर में एक रबड़-स्टैंप भी नहीं, सिर्फ एक रबड़ का टुकड़ा हूँ—बार-बार घिसा जाने वाला रबड़ का टुकड़ा। इसके बाद क्या कोई मुझे वजह बता सकता है, एक भी ऐसी वजह, कि क्यों मुझे रहना चाहिए इस घर में?"

4. सूरदास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालिए। 12

अथवा

'हिमालय के प्रति' कविता का सारांश लिखिए।

5. कहानी कला की दृष्टि से 'अकेली' कहानी की समीक्षा कीजिए। 12

अथवा

'मैं धोबी हूँ' निबंध का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

6. 'आधे-अधूरे' नाटक की रंगमंचीयता पर प्रकाश डालिए। 12

अथवा

'आधे-अधूरे' नाटक के महेन्द्रनाथ का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(In Lieu of Internal Assessment)

7. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) कबीरदास की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए।

(ख) रसखान का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(ग) 'गपशप' निबंध का सारांश प्रस्तुत कीजिए।

(घ) 'आधे-अधूरे' नाटक के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

★★★